चेम्बर का 61वां द्विवार्षिक अधिवेशन व आमसभा शुरू

उद्घाटन सत्र में अतिथियों ने विचार रखते हुए चेम्बर से विकास में सहयोग की अपेक्षा की

नवभारत न्यूज

सतना, 26 जून. विन्ध्य चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज सतना का 61वां द्विवार्षिक अधिवेशन शुक्रवार को प्रात: 10:00 बजे स्थानीय ओम रिसोर्ट रीवा रोड सतना में आयोजित किया गया.

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गणेश सिंह सांसद सतना, कार्यक्रम अध्यक्ष योगेश ताम्रकार महापौर सतना, विशिष्ट अतिथि सिद्धार्थ कुशवाहा विधायक चेंबर अध्यक्ष सतीश सुखेजा पूर्व अध्यक्ष लखन अग्रवाल द्वारिका गुप्ता चित्रकूट विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष विजय यादव मंचासीन थे कार्यक्रम में सांसद गणेश सिंह

ने कहा कि सतना जिला विंध्य क्षेत्र की व्यापारिक राजधानी है, पूरे देश के अंदर सतना में सीमेंट का एक बहुत बड़ा उत्पादन होता है, सतना की कृषि उपज मंडी विंध्य की सबसे बड़ी मंडी है कृषि का उत्पादन भी सतना में अधिक है, चित्रकूट और मैहर दो बड़े धार्मिक स्थल हैं, केंद्र एवं राज्य सरकार की कई महत्वपूर्ण योजनाएं यहां पर संचालित है, बहुत ही जल्द अब डेढ़ लाख हैक्टेयर भूमि मां नर्मदे के पानी से सिंचित होगा, यह जिला अयोध्या से सतना, दिल्ली से सतना, झांसी से सतना, भोपाल-नागपुर से सतना, बनारस-प्रयागराज से राष्ट्रीय राजधानी से जुड़ा हुआ है, सतना में रेलवे का एक बहुत बड़ा नेटवर्क मौजूद है विश्व स्तरीय रेलवे स्टेशन क्षेत्र की प्रतिष्ठा को बढाएगा बहुत जल्द ही सतना से नागौद-देवेंद्रनगर नई रेल लाइन का उद्घाटन होने जा रहा है, कैमा में माल गोदाम का एक बड़ा केंद्र स्थापित होगा,

चेम्बर मंत्री हरिओम गुप्ता ने बताया कि अधिवेशन परम्परानुसार दो सत्रो मे सम्पन्न हुआ प्रथम सत्र में द्विवार्षिक अधिवेशन में अतिथियों को मंचासीन कर दीप प्रज्जवलन व प्रगति पत्रिका का विमोचन आदि किया गया कार्यक्रम के वरिष्ठ सदस्यों विजय कुमार जैन, गगनेंद्र प्रताप सिंह, राजेश कैला, अशोक बंसल जैतवारा ,दिलीप जायसवाल ,अशोक दौलतानी, दशरथ अग्रवाल का सम्मान किया गया प्रथम सत्र के पश्चात् द्वितीय सत्र में आमसभा आयोजित की गई जिसमें अंकेक्षित आय व्यय एवं अनुमनित आय व्यय का अनुमोदन किया गया.

चुनाव रविवार को

चुनाव रविवार 28 जून 2026 को चेम्बर भवन सतना में प्रात : 08 बजे से शाम 5 बजे किया जाएगा वोटो की गिनती 29 तारीख दिन सोमवार को दोपहर 4:00 बजे से की जाएगी उसी दिन मुख्य चुनाव अधिकारी केपी शर्मा एवं सहायक चुनाव अधिकारियों द्वारा परिणाम की घोषणा की जाएगी

रीवा-इंदौर ट्रेन प्रतिदिन व मारुति नगर रेल लाइन हटाने का प्रस्ताव

रेलवे बैठक में उठीं कई अहम मांगें

नवभारत न्यूज

सतना, 26 जून. क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक में सतना के विकास और रेल सुविधाओं को लेकर रखे गए सुझाव, रीवा-इंदौर ट्रेन के समय परिवर्तन का भी प्रस्ताव।

पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर की क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक में समिति सदस्य एवं सतना चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पूर्व अध्यक्ष विवेक अग्रवाल ने सतना और विंध्य क्षेत्र की रेल सुविधाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे। उन्होंने रीवाङ्कइंदौर एक्सप्रेस (11703) का संचालन प्रतिदिन किए जाने तथा उसके समय में बदलाव कर उज्जैन सुबह 6 बजे और इंदौर सुबह 8 बजे पहुंचाने की मांग की।

इस पर पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक दिलीप सिंह ने बताया कि प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा जाएगा।बैठक में सतना रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण कार्य में तेजी लाने, शहर से बाहर मालगोदाम शिफ्ट करने, मारुति नगर से बिड़ला फैक्ट्री जाने वाली रेल लाइन को हटाकर उसे कैमा स्टेशन से जोड़ने का प्रस्ताव भी रखा गया। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि मालगोदाम को जुलाई 2027 से पहले स्थानांतरित करने का लक्ष्य है।

मुख्त्यारगंज आरओबी का मामला

इसके अलावा शहर में बढ़ते यातायात को देखते हुए वर्तमान आरओबी पर दबाव कम करने के लिए मुख्तयारगंज आरओबी का निर्माण शीघ्र पूरा कराने तथा राजेंद्र नगर क्षेत्र में नए अंडरब्रिज या आरओबी के निर्माण की मांग भी की गई। बैठक में रेलवे स्टेशन की अंधेरी पुलिया के खराब हालात, जलभराव और गंदगी की समस्या उठाते हुए इसे रेलवे कॉलोनी तक जोड़कर दोपहिया वाहनों के लिए सुगम मार्ग विकसित करने का सुझाव भी दिया गया।

पत्नी ने पति पर लगाया ट्रेन से फेंकने का आरोप

हाथ-पैर में फ्रैक्चर, जिला चिकित्सालय में उपचार जारी

नवभारत न्यूज

सतना 26 जून. तीन महीने की गर्भवती महिला ने अपने पति पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि उसे चलती ट्रेन से नीचे फेंक दिया. इस घटना के चलते पत्नी के हाथ और पैर में गंभीर फ्रैक्चर आ गए व उसका उपचार जिला चिकित्सालय में जारी है. वहीं दूसरी ओर पति अपना मोबाइल बंद कर समूचे घटनाक्रम से नदारद हो चुका है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार करमऊ निवासी प्रीतम यादव का विवाह मानिकपुर निवासी विनोद यादव के साथ कुछ समय पहले हुआ था. जिसके चलते प्रीतम 3 माह की गर्भवती है. गुजरात के राजकोट में भर्ती होने की जानकारी मिलने पर पति और पत्नी रीवा-राजकोट एक्सप्रेस में सवार होकर राजकोट जा रहे थे. बताया गया कि ट्रेन में सवार होने के बाद से पति और पत्नी के बीच काफी विवाद हो रहा था. इसी दौरान विवाद के चलते पति इतना आक्रोशित हो गया कि उसने देखते ही देखते अपनी पत्नी को ट्रेन से नीचे फेंक दिया. बुरी तरह घायल हो जाने पर उसे जिला चिकित्साल लाया गया. जहां से वार्ड क्र. 5 में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है. बताया गया कि ट्रेन से नीचे फेंके जाने के कारण महिला के हाथ और पैर में गंभीर फ्रैक्चर आ गए. हलांकि यह जानकारी भी सामने आई कि पति ने ही घायल पत्नी को अस्पताल में भर्ती कराया और परिजनों को सूचना देने के बाद वह वहां से चला गया. लेकिन जब इस संबंध में महिला के पति से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उसका मोबाइल स्विच ऑफ मिला. महिला की शिकायत पर पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर लिया गया है और विवेचना की जा रही है.

आकाशीय बिजली की चपेट में आकर 19 पशुधन की मौत

बरौंधा क्षेत्र में चार स्थानों पर हुआ हादसा

नवभारत न्यूज

सतना, 26 जून. जिले के बरौंधा क्षेत्र में शुक्रवार शाम हुई तेज बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से 17 बकरियों और दो भैंसों की मौत हो गई। चार अलग-अलग स्थानों पर हुई इस घटना से पशुपालकों को हुए आर्थिक नुकसान को देखते हुए प्रशासन ने नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, करीब 30 मिनट तक हुई तेज बारिश और गरज-चमक के दौरान बरौंधा थाना क्षेत्र के पड़ो, वीरमपोखरी, गोडहा और साडा गांव में आकाशीय बिजली गिरी। पड़ो गांव में महुआ के पेड़ के नीचे खड़ी चार बकरियां बिजली की चपेट में आ गईं और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

वहीं वीरमपोखरी और गोडहा गांव में बिजली गिरने से एक बकरी और दो भैंसों की मौत हो गई। इसी कड़ी में साडा गांव में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 12 बकरियों की जान चली गई। इस तरह चारों घटनाओं में कुल 19 पशुओं की मौत हुई।

पटवारियों ने किया सर्वे

घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन सक्रिय हो गया। नायब तहसीलदार डॉ. सुदामा प्रसाद ने संबंधित पटवारियों को तत्काल मौके पर पहुंचकर नुकसान का सर्वे करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रभावित पशुपालकों को आश्वस्त किया कि सर्वे पूरा होने के बाद शासन के नियमानुसार क्षतिपूर्ति उपलब्ध कराई जाएगी।

ऑपरेशन करने के लिए सिंगरौली से सतना के चक्कर लगा रहे विशेषज्ञ चिकित्सक

मेडिकल कॉलेज सिंगरौली में पदस्थ चिकित्सकों की कार्यशैली पर उठे सवाल

नवभारत न्यूज

सतना 26 जून. मेडिकल कॉलेज सिंगरौली में पदस्थ होने के बावजूद सतना के एक निजी हास्पिटल में आकर मरीजों के ऑपरेशन करने का मामला अब गर्माता नजर आने लगा है.

मामले की गंभीरता तब और बढ़ जाती है जब ऑपरेशन कराने वाले अधिकांश मरीज आयुष्मान कार्ड धारक बताए जाते हैं. लिहाजा अब यह जांच का विषय है कि क्या इस मामले में चिकित्सकों को किसी सक्षम प्राधिकारी की अनुमति प्राप्त है, और साथ ही यह भी कि क्या उक्त निजी हास्पिटल में होने वाले ऑपरेशन के रिकार्ड संदेह के दायरे में नहीं आते. प्राप्त जानकारी के अनुसार आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. राजीव सिंह और एनस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. रंजना सिंह मेडिकल कॉलेज सिंगरौली में पदस्थ हैं. हलांकि इससे पहले दोनों चिकित्सक जिला चिकित्सालय सतना में पदस्थ थे. लेकिन मेडिकल कॉलेज में चयन होने के बाद दोनों का स्थानांतरण सिंगरौली के लिए हो गया. इस मामले का काबिलेगौर पहलू यह है कि दोनों चिकित्सक सिंगरौली मेडिकल कॉलेज में पदस्थ होने के बावजूद सतना में स्थित एक निजी हास्पिटल में ऑपरेशन करने के लिए नियमित तौर पर आते रहते हैं. यह सिलसिला पिछले 3 महीने से अधिक समय से बदस्तूर जारी है. नियमों की बात की जाए तो मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक किसी निजी संस्थान में सेवाएं दे सकते हैं. लेकिन उसके लिए निर्धारित प्रक्रिया के अंतर्गत सक्षम प्राधिकारी से अनुमति प्राप्त करनी होती है.

अधिकांश मामलों में यही देखा जाता है कि जो चिकित्सक जिस शहर में पदस्थ होता है वे वहीं पर स्थित किसी न किसी निजी हास्पिटल में अपनी सवाएं देते हैं. लेकिन इसके लिए तकरीबन 200 किमी की दूरी तय करने का मामला अपने आप में बिरला ही नजर आता है.

अधिकांश आयुष्मान कार्ड धारक

शहर सहित जिले भर में स्थित किसी भी निजी हास्पिटल के संचालन की अनुमति मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से प्राप्त होती है . इसी कड़ी में आयुष्मान कार्ड धारक मरीजों का निजी हास्पिटल में उपचार के मामले में भी निगरानी और अनुमति देने का कार्य सीएमएचओ कार्यालय से ही होता है . मामले का काबिलेगौर पहलू यह भी है कि सतना स्थित निजी हास्पिटल में होने वाले अधिकांश आर्थोपेडिक ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड धारक मरीजों के होते हैं . जिन्हें सिंगरौली मेडिकल कॉलेज में पदस्थ 2 चिकित्सकों द्वारा किया जाता है . लिहाजा उठ रहे गंभीर सवालों के मद्देनजर यदि संबंधित निजी हास्पिटल में होने वाले ऑपरेशन के रिकार्ड की सीएमएचओ कार्यालय द्वारा जांच की जाए तो सच सामने आ सकता है .

नीमी में सुदर्शन एकेडमी स्कूल का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

सतना, 26 जून. शिक्षा के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि जोड़ते हुए सुदर्शन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल की नई शाखा 卐सुदर्शन एकेडमी卐 का भव्य उद्घाटन 20 जून 2026 को भल्ला फार्म, नीमी रोड, सतना में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

यह नई शाखा नर्सरी से कक्षा 8वीं तक के विद्यार्थियों के लिए प्रारंभ की गई है, जिसका उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन एवं सर्वांगीण विकास प्रदान करना है।

विद्यालय समूह की जानकारी के अनुसार यह विस्तार छात्रों के लिए आधुनिक एवं समग्र शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि सीए एस.एल. छत्तानी तथा रेनबो हॉस्पिटल से डॉ. प्रतिमा कुम्हारे एवम् डॉ निशांत कुम्हारे रहे। अतिथियों ने फीता काटकर विद्यालय का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय परिवार को हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि सुदर्शन एकेडमी आने वाले समय में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। समारोह में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों, अभिभावकों एवं नागरिकों ने विद्यालय परिवार को नई शाखा के शुभारंभ पर बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

साइबर ठगी का शिकार होते होते बची महिला

नवभारत न्यूज

सतना, 26 जून. पुलिस के साइबर फ्रॉड जागरूकता अभियान का असर उस वक्त देखने को मिला जब मैहर के सतना रोड निवासी हेमा पांडे साइबर ठगों के जाल में फंसते फंसते बच गईं और दूसरे लोगों को भी सतर्क रहने की अपील की।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक हेमा के मोबाइल पर अननोन नंबर से कॉल आया। कॉलर ने खुद को एसबीआई का अधिकारी बताया और कहा कि फोनपे अकाउंट से 1-1 रुपये कई बार कटे हैं। वो पैसे इकट्ठे होकर 10,000 हो गए हैं। हम आपके खाते में ट्रांसफर करना चाहते हैं, आप हमारा प्रोसेस फॉलो करें। ठग बार-बार प्रोसेस करने को कह रहा था और प्रोसेस फॉलो ना करने पर खाता बंद करने की धमकी भी दे रहा था। जबकि एक दिन पहले ही मैहर पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर लोगों को जागरूकता अभियान चलाकर बताया था, कि बैंक कभी फोन पर बात करके खाते में छेड़छाड़ नहीं करता। हेमा ने भी सोशल मीडिया में चल रही खबरों को देखा और यही पॉइंट याद रखा। हेमा ने ठग की बात मानने से मना कर दिया। धमकी के बाद भी वह नहीं डरी और ठग का मोबाइल नंबर ब्लॉक कर दिया।

एक नजर में

महिलाओं ने मनाया महाराणा प्रताप की जन्म शताब्दी

सतना। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में क्षत्रिय महासभा महिला टीम ने कार्यक्रम जिला अध्यक्ष वंदना सिंह के बांधवगढ़ कालोनी के निवास पर मनाया गया। जिला अध्यक्ष वंदना सिंह ,मध्यप्रदेश उपाध्यक्ष शोभना सिंह ,जिला संयोजक गीता सिंह , मीडिया प्रभारी जागृति सिंह ,उपाध्यक्ष माधुरी रावल, ममता सिंह लखनवाह, एक्टीव मेम्बर श्रीमती गरिमा सिंह ,समाजसेवी सविता सिंह ,अनुजा सिंह, इंदू सिंह, सुषमा सिंह आदि उपस्थित रहीं।

रोटरी क्लब की पहल

सतना . रोटरी क्लब सतना द्वारा स्थनीय *अमृत पार्क* मे ट्रेनिगं रखी गयी जिसमे आपातकालीन स्थिति में जीवन को कैसे बचाया जा सकता है उसके संदर्भ में अहम प्रशिक्षण और डेमो दिया गया इस कार्यक्रम में अपने कुशल अनुभव से *रोटे . डॉ सुनील खारकुर,रोटे . डॉ अलोक खन्ना* ने सबको एक उच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिया 7कार्यक्रम के संयोजक *रोटे संजय अग्रवाल* रहे जिनके प्रयासों से ये आज का कार्यक्रम भव्यतापूर्वक संपन्न हो पाया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भोला प्रसाद गुप्ता, गेंद लाल पटेल ,संजय बड़हरिया, संजय गुप्ता ,डॉक्टर अशोक अग्रवाल ,डॉक्टर डीके तिवारी मुकेश अग्रवाल ,मुकेश केसरवानी ,उत्तम अग्रवाल, पुष्पेंद्र द्विवेदी, विनय शुक्ल,शिव मोहन सिंह, शैलेश केशरवानी, शिव प्रसाद,विवेक अग्रवाल , महेंद्र विश्वकर्माऔर मातृ शक्ति सहित बहुत मात्रा में पार्क में भ्रमण करने वाले लोग शामिल हुए और सभी ने इस प्रेरणादाई और शैक्षणिक कार्यक्रम की सराहना की।

संध्या को गणित में मिली पीएचडी की उपाधि

सतना। गणित विषय की शोधार्थी श्रीमती संध्या सिंह को अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा द्वारा गणित विषय में पीएच .डी. की उपाधि प्रदान की गई है।श्रीमती संध्या सिंह ने अपना शोध कार्य शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मैहर के गणित विभाग के सह-प्राध्यापक एवं शोध निर्देशक डॉ. डी.के. सिंह के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न किया। इस उपलब्धि पर उनके पिता धनराज सिंह, माता श्रीमती विद्यावती सिंह, बहनें श्रीमती मीता सिंह एवं श्रीमती सुमन सिंह पति मनोज सिंह एवं परिवार के सभी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएँ दी हैं।

मोहर्रम पर इंसानियत, न्याय और कुर्बानी के संदेश के साथ निकली शहर की गलियों में सवारी

नवभारत न्यूज

सतना, 26 जून. मोहर्रम इस्लामी हिजरी कैलेंडर का पहला महीना है और इसी के साथ इस्लामी नए साल की शुरुआत होती है। यह महीना केवल शोक और मातम का प्रतीक नहीं, बल्कि सत्य, न्याय और इंसानियत के लिए दी गई महान कुर्बानी की याद भी दिलाता है।

मोहर्रम इस्लाम धर्म का एक अत्यंत पवित्र महीना माना जाता है। यह इस्लामी हिजरी कैलेंडर का पहला महीना है और इसी महीने से इस्लामा नववष का आरभ हाता ह। %मोहर्रम% अरबी भाषा का शब्द है, जिसका अर्थ वर्जित या सम्मानित होता है। इस्लाम में रजब, जिलकाद, जिलहिज्जा और मोहर्रम चार पवित्र महीने माने गए हैं, जिनमें लड़ाई-झगड़ा और हिंसा करना निषिद्ध माना गया है। इस दौरान इबादत, नेक कार्य और आत्मचिंतन का विशेष महत्व होता है। मोहर्रम का सबसे महत्वपूर्ण पहलू कर्बला की वह ऐतिहासिक घटना है, जिसमें हजरत इमाम हुसैन ने अन्याय और अत्याचार के खिलाफ अपने प्राणों

की आहुति दी। उनकी कुर्बानी पूरी इंसानियत को यह संदेश देती है कि जुल्म और असत्य के सामने कभी झुकना नहीं चाहिए। सत्य, न्याय और मानवता की रक्षा के लिए यदि बलिदान भी देना पड़े तो पीछे नहीं हटना चाहिए। पतेरी निवासी हामिद खान कहां कि कर्बला की जंग यह सिखाती है कि सत्य के मार्ग पर चलने वालों की संख्या कम होने के बावजूद अंतत: जीत हक और इंसाफ की ही होती है। यही कारण है कि मोहर्रम को केवल मातम का महीना नहीं, बल्कि त्याग, धैर्य, साहस और इंसानियत के मूल्यों को याद करने का अवसर भी माना जाता है।

मोहर्रम पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना सिटी कोतवाली परिसर में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ब्रीफिंग आयोजित की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (सिटी) गौरव पाण्डेय ने ड्यूटी में तैनात पुलिस बल को निर्देश दिए कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी समय पर अपने-अपने ड्यूटी स्थल पर पहुंचकर पूरी सतर्कता और अनुशासन के साथ दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने जुलूस मार्गों पर लगातार निगरानी रखने, संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या अप्रिय स्थिति की सूचना तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को देने के निर्देश दिए।